राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

राजभवन, पटना–800022

प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या–92/2024

राज्यपाल ने पटना के एक होटल में आग लगने की घटना में हुई मौत पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की

पटना, 25 अप्रैल, 2024 :– माननीय राज्यपाल श्री राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने पटना जंक्शन के समीप एक बहुमंजिला होटल में आग लगने की घटना में हुई लोगों की मौत पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने कहा है कि यह घटना अत्यन्त दुःखद है।

राज्यपाल ने मृतकों के परिजनों को धैर्य, साहस एवं सम्बल प्रदान करने हेतु ईश्वर से प्रार्थना की है। उन्होंने इस घटना में घायल लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है।

....